प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

17 फरवरी 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री विक्रमादित्य सिंह खीची को मेसर्स रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की सलाहकार समिति में एक सदस्य के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 7 दिसंबर 2021 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान वित्तीय सेवा प्रदाताओं के परिचालन में प्रशासक को परामर्श देने हेतु दिवाला और शोधन अक्षमता (वित्तीय सेवा प्रदाताओं की दिवाला और समापन कार्यवाहियाँ तथा न्यायनिर्णयन प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2019 के नियम 5 (सी) के अंतर्गत एक सलाहकार समिति का गठन किया था।

सलाहकार समिति से श्री श्रीनिवासन वरदराजन के दिनांक 17 फरवरी 2023 से प्रभावी त्यागपत्र के परिणामस्वरूप, श्री विक्रमादित्य सिंह खीची को तत्काल प्रभाव से सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। सलाहकार समिति में अब निम्नलिखित सदस्य होंगे:

1. श्री संजीव नौटियाल, भूतपूर्व उप प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक
2. श्री प्रवीण पी कडले, भूतपूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, टाटा कैपिटल लिमिटेड
3. श्री विक्रमादित्य सिंह खीची, भूतपूर्व कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा

सलाहकार समिति, कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के परिचालन में प्रशासक को परामर्श प्रदान करेगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1744